# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा

## वित्त समिति की 66 वीं बैठक

## 27 जून, 2023

## कार्यवाही विवरण

वित्त समिति की 66 वीं बैठक दिनांक 27 जून, 2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्यालय स्थित कुलपति सचिवालय के समिति कक्ष में माननीय कुलपति महोदय, डॉ. कैलाश सोडाणी की अध्यक्षता में (ऑफलाईन/ऑनलाईन) आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. कैलाश सोड़ाणी<br>कुलपति,<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,<br>कोटा। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री लोकेन्द्र सिंह<br>कोषाधिकारी, कोटा<br>प्रतिनिधि (प्रमुख शासन सचिव)<br>वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर | सदस्य |
| 3 | डॉ. फिरोज अख्तर,<br>संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा<br>प्रतिनिधि ( शासन सचिव, उच्च शिक्षा ) | सदस्य<br>(ऑनलाईन उपस्थित) |
| 4. | डॉ. सुनील भार्गव,<br>निर्वतमान प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,<br>21–22, गली न0–1, सरस्वती कॉलानी कोटा। | सदस्य<br>(ऑनलाईन उपस्थित) |

5 प्रो. बी अरूण कुमार, सदस्य
सदस्य, प्रबंध मण्डल एवं निदेशक सं. यो. एवं वि.
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा

6 डॉ0 जितेन्द्र कुमार शर्मा, सदस्य
निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र, वमखुवि, जयपुर (ऑनलाईन उपस्थित )

7. श्री के.के. गोयल विशेष आमंत्रित
कुलसचिव

8 श्री महेश चन्द मीणा
नियंत्रक ( वित्त) सचिव
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा वित्त समिति के सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारंभ करने के लिए वित्त समिति के सचिव (नियंत्रक, वित्त) को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात् नियंत्रक वित्त द्वारा कार्यसूची विवरण प्रस्तुत किया गया एवं निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

बिन्दु सं. 66/1 : **वित्त समिति की दिनांक 15.12.2022 को सम्पन्न 65वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

नियंत्रक (वित्त) ने अवगत कराया कि दिनांक 15.12.2022 को सम्पन्न 65वीं बैठक का कार्यवाही विवरण समस्त सदस्यों को प्रेषित किया गया था, लेकिन किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। उक्त कार्यवाही विवरण का अनुमोदन प्रबंध मण्ड़ल द्वारा भी किया जा चुका है। अतः सदन द्वारा कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

बिन्दु सं. 66/2 : **वित्त समिति की 65वीं बैठक दिनांक 15.12.2022 में लिये गये निर्णयों की पालना (Action Taken Report) के संबंध में।**

वित्त समिति की दिनांक 15.12.2022 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निणयों की पालना के संबंध में नियत्रंक वित्त द्वारा सदन को अवगत कराया गया।
बिन्दु संख्या 65/03 के संबंध में गत वित्त समिति में दिये गये सुझाव के अनुसार ग्रेच्युटी फण्ड़ एंव पेंशन फण्ड़ में जमा पर आयकर की बचत हेतु सनदी लेखाकार से परामर्श लिया गया है। सनदी लेखाकार द्वारा ग्रेच्युटी फण्ड ट्रस्ट व पेंशन फण्ड़ ट्रस्ट गठन बाबत् परामर्श दिया गया है। उक्त परामर्श के अनुसार कार्यवाही हेतु माननीय सदस्यों द्वारा सहमती दी गयी।

बिन्दु सं. 66/3 : **विश्वविद्यालय शिक्षको को सी.ए.एस. के वित्तीय भार को वहन किये जाने पर विचार एवं स्वीकृति।**

समिति द्वारा विचार–विमर्श उपरान्त विश्वविद्यालय शिक्षको को सी.ए.एस. के अधीन सम्भावित वित्तीय भार रू 100.00 लाख (लगभग) को विश्वविद्यालय स्तर से वहन किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

बिन्दु सं. 66/4 : **विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रमों** (Acadmic Program) **की फीस में प्रवेश सत्र जुलाई 2023 से अभिवृद्वि हेतु प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचार–विमर्श उपरान्त राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रमों (Acadmic Program) में निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग(RSD) द्वारा प्रेषित सूची के अनुसार 10% शुल्क वृद्वि के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देशत किया गया है कि उक्त शुल्क वृद्वि सत्र जुलाई, 2023 से नव प्रवेशित छात्रो पर ही लागू होगी।

बिन्दु सं. 66/5 : **आयोजना मंडल की 18वीं बैठक दिनांक 15 मई 2023 की अभिशंषा अनुसार बिन्दुवार निम्नलिखित निमार्ण कार्य करवाये जाने के संबंध में।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त निम्न निमार्ण कार्यो पर इस आशय से सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी कि RSRDC से उक्त निमार्ण कार्यो का तकमीना प्राप्त होने पर बजट की उपलब्धता एवं राज्य सरकार की अनुमति उपरान्त निमार्ण कार्य प्रारम्भ करवाये जावें।

1. क्षेत्रीय केन्द्र अजमेर कार्य हेतु दो मंजिला भवन के निर्माण – राशि रू 460.00 लाख
2. नये कुलपति सचिवालय एवं एवं प्रशासनिक खण्ड के दो मंजिला भवन का निमार्ण कार्य – राशि रू 622.50 लाख
3. विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रवेश द्वार एवं चार मुख्य भवनो में पोर्च का निमार्ण कार्य – राशि रू 50.00 लाख

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

नियन्त्रक (वित्त)
एवं
सचिव, वित्त समिति